दिनांकः 08.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- **प्रदेश में भारी बारिश से प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे–प्रभारी मंत्री और सचिव अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।**

- **राज्य में लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर–कई जिलों में तेज बारिश को देखते हुए स्कूलों में आज का अवकाश घोषित।**

- **जयपुर में आज राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव–2025 का आयोजन–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 226 करोड रूपये के निर्माण कार्यो का वर्चुअली शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।**

- **भारत ने एशिया कप पुरुष हॉकी चैंपियनशिप जीती–गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4–1 से हराया।**

00000

प्रदेश में भारी बारिश से प्रभावित हुए लोगों को राहत पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक मुख्यमंत्री कार्यालय में होगी, जिसमें सभी ज़िला प्रभारी मंत्री और ज़िला प्रभारी सचिव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने पिछले तीन दिनों में सभी मंत्रियों और सचिवों को उनके ज़िलों का दौरा करने के निर्देश दिए थे। इन दौरों के दौरान, उन्होंने बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया। आज की बैठक में, सभी प्रभारी मंत्री और सचिव अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री के सामने पेश करेंगे। इस रिपोर्ट के आधार पर, प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने और नुकसान की भरपाई के लिए आगे की कार्ययोजना तय की जाएगी। बारिश से प्रभावित इलाकों में चिकित्सा सेवाएँ और टूटी हुई सड़कों और पुलों की मरम्मत का काम तेज़ी से किया जा रहा है। इसके साथ ही, किसानों की फसलों को हुए नुकसान का भी जल्द से जल्द आकलन किया जा रहा है। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि बारिश प्रभावित क्षेत्रों में राहत पंहुचाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है।

.....

बारां पहुंचे, जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने कल अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने जिले में अब तक अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। श्री देवासी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों को लोगों को जल्द से जल्द राहत पंहुचाने के निर्देश दिए गए है।

.0000

प्रदेश में लगातार बारिश के चलते नदी–नाले उफान पर है। कल जयपुर सहित करीब 20 शहरों में हल्की से तेज बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा साढ़े 6 इंच बारिश सिरोही के माउंट आबू में दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, हनुमानगढ़, करौली, जालौर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भरतपुर, डूंगरपुर, धौलपुर, राजसमंद सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटो में दक्षिणी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश हुई है। बालोतरा में अतिवृष्टि के रेड अलर्ट को देखते हुए जिले के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलेक्टर सुशील कुमार ने लोगों से लूणी नदी के बहाव क्षेत्र और अन्य जल भराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

.....

जैसलमेर, बाड़मेर और जालोर जिला प्रशासन ने भी आदेश जारी कर सरकारी, गैरसरकारी विद्यालयों में आज अवकाश घोषित किया है। हनुमानगढ में घग्घर नदी में पानी का बहाव लगातार तेज होता जा रहा है। इसे लेकर प्रशासन सतर्क है। पाली के गोरमघाट में रेल्वे ट्रेक पर पहाडी से पत्थर गिरने के बाद रेल आवागमन बाधित है। इस बीच पाली में गणपति विसर्जन करने गए दो युवक बांडी नदी में बह गए। अजमेर के नसीराबाद में दो मंजिला जर्जर मकान कल तड़के भरभरा कर ढह गया। मौसम विभाग ने आज बाडमेर जालोर और जैसलमेर जिलों में भारी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

0000

प्रदेश के मसालों से जुड़े किसानों व्यापारियों, निर्यातकों और अन्य मसाला हितधारकों के लिए आज जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव–2025 का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विपणन विभाग की ओर से हो रहे इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा वर्चुअल माध्यम से 226 करोड रुपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें भवन, सड़क, फूड पार्क, इन्क्यूवेशन सेंटर शामिल है। श्री शर्मा मसाला स्कीम फोल्डर और राज– स्पाइस ऐप का विमोचन भी करेंगे।

0000

भाजपा संसदीय दल ने नई दिल्ली में चल रही दो दिन की कार्यशाला के दौरान अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा पेश प्रस्ताव में भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस साहसिक और जनहितैषी कदम के लिए बधाई दी है। प्रस्ताव में कहा गया है कि सुधारों के अगले चरण से जीएसटी कर प्रणाली सरल हुई है और नागरिकों के हित को केन्द्र में रखा गया है। छोटे व्यवसायियों, निर्यातकों और स्टार्टअप उद्यमों के लिए प्रक्रियाएं सरल की गयी हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि ये सुधार नागरिकों के जीवन में आसानी लाने, व्यापारियों को सशक्त बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के लक्ष्य का प्रतीक हैं। प्रस्ताव में विनिर्माताओं और व्यापारियों से करों में कमी का सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करने की अपील की गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता किरेन रिजिजू ने कार्यशाला के पहले दिन के समापन के बाद मीडिया से कहा कि कार्यशाला बहुत ही व्यवस्थित थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी प्रशिक्षण सत्रों में मौजूद रहे।

....

भारत ने एशिया कप पुरुष हॉकी चैंपियनशिप जीत ली है। कल राजगीर में प्रतियोगिता के फाइनल में भारतीय टीम ने पिछले चैंपियन दक्षिण कोरिया को 4–1 से हराया। इसके साथ ही भारत ने नीदरलैंड्स और बेल्जियम मे अगले वर्ष होने वाले विश्व कप के लिये भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत शुरुआत से ही दक्षिण कोरिया पर हावी रहा। मैच के 29वें सेकेंड में ही सुखजीत सिंह ने पहला गोल किया, इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने दो गोल किये। भारत के लिये चौथा गोल अमित रोहिदास ने किया। दक्षिण कोरिया का एकमात्र गोल अंतिम क्वार्टर में हो पाया। भारत इस प्रतियोगिता के सभी मैचों में विजयी रहा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह खिताबी जीत मैच दर मैच प्रदर्शन में सुधार का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया कप हॉकी में शानदार खिताबी जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह जीत इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत ने पिछले चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराया।

0000